Virat Vaibhav-New Delhi,
January 22,2020,Page 04

चुनाव से पहले विदेशी सिगरेट की पकड़ी गई खेप



वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली

मध्य जिले कमला मार्केट इलाके में पुलिस ने विदेशी सिगरेट जब्त की है। सैकड़ों पैकेट अवैध तरीके से बिकने के लिए आई थी, लेकिन चुनाव के कारण बढ़ी प्रशासन की मुस्तैदी के कारण वह पकड़ी गई। पुलिस को मटिया महल विधानसभा इलाके में बतौर मजिस्ट्रेट नियुक्त गोपाल चंद्र ने बताया कि वह अजमेरी गेट पर गाड़ियों की चेकिंग कर रहे थे, जिस दौरान उन्होंने संदिग्ध की गाड़ी रोकी। चेकिंग करने पर गाड़ियों से भारी मात्रा में अवैध सिगरेट बरामद की गई। पुलिस को कोट्पा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को एक टैक्सी में सूटकेस मिला था, जिसमें अवैध सिगरेट भरी हुई थीं। सरकार ने विदेशी सिगरेट को बैन किया हुआ है, जिसके कारण अक्सर यह धरपकड़ होती रहती है। सिगरेट की कीमत 80 हजार से एक लाख के बीच बताई जा रही है।